>

Title: Need to issue caste certificate and give permanent residence status to the people displaced from Bangladesh and settled in Panna, Madhya Pradesh.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र खजुराहो के पन्ना जिले में वर्ष 1956 से लेकर वर्ष 1984 तक भारत सरकार द्वारा बांग्लादेशी विस्थापितों का पुनर्वास किया गया था । लगभग 10-12 गांवों में उन हज़ारों लोगों को उनके पुनर्वास के लिए स्थान दिया गया था । उनको कृषि कार्य हेतु ज़मीन दी गई थी और रहने के लिए आवास की व्यवस्था के भूखंड भी दिए गए थे ।

50-60 वर्षों के बाद इन सभी बांग्लाभाषी लोगों को ज़मीन के लिए जो स्थायी पट्टे मिलने चाहिए थे, वे वन भूमि में जुड़ने के कारण उनको नहीं मिले हैं, जिससे उनको कई प्रकार की असुविधाएं हो रही हैं । जो बांग्लादेशी विस्थापित वहां आए थे, वे विभिन्न अलग-अलग प्रकार की जातियों, समुदायों के लोग हैं । उनको आज तक किसी प्रकार का कास्ट सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है, जिस कारण उनको केवल जनरल कैटिगरी में माना जाता है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सरकार उनके बारे में तत्काल चिंता कर के उनको कास्ट सर्टिफिकेट दे और उनके आवास को स्थायी करने की मैं सरकार से मांग करता हूं । धन्यवाद ।